# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैन्ज, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के छात्र कल्याण निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2011 से 3/2015

## भाग–एक

**1. गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित बकाया पैरों के निपटारे हेतु संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही की समीक्षा वर्तमान अंकेक्षण के दौरान करने के पश्चात अंकेक्षण अनुच्छेदों की नवीनतम स्थिति निम्नानुसार हैः–

**(1) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 8/2002 से 3/2011**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 2 | निर्णीत | (रसीद संख्याः 0475402, दिनांक 7.12.2011) |
| 2 | पैरा संख्या 4 | निर्णीत | (रसीद संख्याः 3762, दिनांक 26.3.2012 द्वारा वसूली) |
| 3 | पैरा संख्या 5 | निर्णीत | (अभिलेख की जांच के बाद) |
| 4 | पैरा संख्या 6 | निर्णीत | (रजिस्टर की जांच के बाद) |

**2. वर्तमान अंकेक्षण :–**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैन्ज, जिला कुल्लू के छात्र कल्याण निधि लेखाओं अवधि 4/2011 से 3/2015 तक का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दर्शाए गए हैं। श्री विकास धवन अनुभाग अधिकारी (ले0प0) द्वारा दिनांक 29.1.2016 से 5.2.2016 तक शमशी (कुल्लू) में किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 3/2012, 8/2012, 8/2013 व 7/2014 तथा व्यय की विस्तृत जांच हेतु माह 9/2011, 8/2012, 8/2013 व 8/2014 का चयन किया गया।

अंकेक्षण अवधि में निम्नलिखित अधिकारी संस्थान के आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे।

| Sr. No. | Name | Period |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Dhanvir Singh Jamwal | 4/2011 to 11/2012 |
| 2. | Er. Suneel Sharma | 12/2012 to 3/2015 |

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्थान द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए गए अभिलेख व सूचनाओं पर आधारित है। संस्थान द्वारा प्रदत्त किसी अभिलेख/सूचना के गलत या सूचना जो उपलब्ध ही न करवाए जाने की अवस्था में इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

**3. अंकेक्षण शुल्क :–**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैन्ज, जिला कुल्लू के छात्र कल्याण निधि लेखाओं अवधि 4/2011 से 3/2015 तक का अंकेक्षण शुल्क ₹7000 आंका गया, जिसे अनुभाग अधिकारी (ले0प0) की अंकेक्षण अधियाचना संख्या VD(211)/2016–23, दिनांक 5.2.2016 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला–9 को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने का अनुरोध किया गया। संस्थान द्वारा उक्त राशि बैंक ड्राफ्ट संख्याः 699430, दिनांक 9.2.2016 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को प्रेषित कर दी है।

**4. वित्तीय स्थिति :–**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैन्ज, जिला कुल्लू के छात्रों से प्राप्त सभी शुल्क व निधियों को एक ही रोकड़ वही में दर्ज किया जा रहा है तथा प्राप्त आय को बैंक जमा खाता संख्या 20062000974 में जमा करवाया जा रहा है। संस्थान की रोकड़ वही व बैंक जमा खाता संख्या 20062000974 के आधार पर अवधि 4/2011 से 3/2015 तक की वित्तीय स्थिति नियमानुसार है, जिसका विस्तृत वर्णन **परिशिष्ट–“क–I”** से **“क–II”** पर दर्शाया गया है।

| Year | Openning ₹ | Income ₹ | Bank Income ₹ | F.D.R Interest ₹ | Total ₹ | Exp. ₹ | Closing ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011–12 | 625477 | 133140 | 25149 | – | 783766 | 94244 | 689522 |
| 2012–13 | 689522 | 348140 | 17098 | – | 1054760 | 48009 | 1006751 |
| 2013–14 | 1006751 | 266440 | 28168 | 71413 | 1372772 | 125150 | 1247622 |
| 2014–15 | 1247622 | 172890 | 28802 | – | 1449314 | 83343 | 1365971 |

**Note :**

₹160000 received from D.T.E Office Sunder Nager, vide letter No. S.T.V(TE)H-C(6)14/Civil Work/08-13226, Dated 2.4.2012 (Grant in Aid for COPA Trade for Schedule Tribe trainees)

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Clossing Balance as per Bank A/c No. 20062000974 as on 31.3.2015 | ₹7,94,55800 |
| (ii) | F.D.R No. 642306 | ₹5,71,413.00 |
| | **Total** | ₹13,65,971.00 |

**5. संस्थान प्रतिभूति रजिस्टर का रख–रखाव उचित प्रकार से न करना :–**

संस्थान द्वारा छात्रों से प्राप्त जमानत की राशियों से सम्बन्धित रजिस्टर का रख–रखाव उचित प्रकार से नहीं किया गया है। संस्थान द्वारा प्रतिभूति रजिस्टर में छात्रों को जमानत की राशियां वापिस करते समय दिनांक व छात्रों के हस्ताक्षर भी रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए तथा उक्त रजिस्टर की प्रत्येक प्रविष्टियों को प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

6. **लघु आपत्ति विवरणिका :—** यह अलग से जारी नहीं की गई है।

7. **निष्कर्ष :—** लेखाओं के रख—रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/—
सहायक निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.

पृष्ठांकन सं0 :वित्त(ले0प0)मु0सी(15)11(3)—102/2004 खण्ड—1—2614—2615 दिनांक11.05. 2016, शिमला—9

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :—

1 निदेशक, तकनीकि शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्दरनगर, हि0प्र0।

**पंजीकृत** 2 प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैन्ज, जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

हस्ता/—
सहायक निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.